दिनांक-12.12.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- केंद्र सरकार ने गेहूं भंडारण की सीमा कम की, अब थोक विक्रेता 1 हजार मीट्रिक टन गेंहू ही रख सकेंगे।
- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने पर दिया जोर।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज अलीराजपुर में सोंडवा उद्वहन सिंचाई परियोजना का करेंगे भूमि-पूजन।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड से कई जिलों में बदला स्कूलों का समय, आज भी प्रदेश के 33 जिलों में शीतलहर की चेतावनी।

केंद्र- गेहूं स्टॉक सीमा

केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2025 तक लागू गेहूं भंडारण की सीमा को संशोधित करने का निर्णय लिया है।

समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और जमाखोरी रोकने के लिए, केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यापारियों, थोक और खुदरा विक्रेताओं के लिए गेहूं के भंडारण की सीमा घटा दी है। व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए गेहूं की भंडारण सीमा 2,000 मीट्रिक टन से घटाकर 1,000 मीट्रिक टन कर दी गई है, जबकि खुदरा विक्रेताओं के लिए यह सीमा 10 मीट्रिक टन से घटाकर 5 मीट्रिक टन कर दी गई है।

इस साल रबी में एक हजार एक सौ बत्तीस लाख मीट्रिक टन गेहूं की पैदावार दर्ज की गई और देश में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता है।

कुरुक्षेत्र दौरा - शिवराज सिंह

हरियाणा में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने करनाल और कुरुक्षेत्र दौरे के दौरान लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है।

उन्होंने कल कहा कि संविधान में संशोधन करके सभी विधानसभा और लोकसभा चुनाव 5 साल में एक बार एक साथ करवाने के लिए जनजागृति पैदा की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री-अलीराजपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज अलीराजपुर के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव छकतला में सोंडवा उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमि-पूजन कर जिले को सौगात देंगे। 17 सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार होने वाली इस परियोजना के माध्यम से जिले के 169 ग्रामों की 55 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित होगी एवं पीने के पानी की उपलब्धता बढ़ेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव जल संसाधन विभाग, लोक सेवा यांत्रिकी विभाग सहित कई अन्य विभागों की योजनाओं का भूमि-पूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव छकतला में कृषि विकास केंद्र द्वारा श्री अन्न के प्रचार-प्रसार एवं जिले में उत्पादन के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे।

इंदौर एयरपोर्ट

इंदौर एयरपोर्ट को नई सुविधाएं मिलने वाली है, जिसके बाद हवाई सफर बेहतर और ज्यादा सुरक्षित होगा। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू इंदौर में कई सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे। इसमें नया फायर स्टेशन एयर ट्रैफिक कंट्रोल प्रमुख है। केंद्रीय मंत्री नायडू के इंदौर आगमन की संभावित तारीख 22 दिसंबर है।

दरअसल, इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने बुधवार को नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू से मुलाकात कर उन्हें इंदौर आने का न्योता दिया है, जिसे केंद्रीय मंत्री नायडू ने स्वीकार किया। साथ ही सांसद लालवानी ने इंदौर एयरपोर्ट को आगामी 25 सालों को ध्यान में रखकर विकसित करने की योजना भी केंद्रीय मंत्री नायडू से साझा की।

गीता जयंती

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव कल उज्जैन में गीता जयंती के अवसर पर 'अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव' में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण के जहां-जहां चरण पड़े हैं, "श्रीकृष्ण पाथेय" बनाकर उन सभी स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा।

गीता जयंती पर कल प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भोपाल नगर निगम की लाइब्रेरी में अब गीता रखी जाएगी। नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा इससे छात्रों को अध्ययन और शोध करने में मदद मिलेगी। धार जिला मुख्यालय और रुकमणी हरण स्थल अमझेरा में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नर्मदापुरम में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस नर्मदा महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस महोत्सव का उद्देश्य गीता के महत्व और इसके संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना था। कटनी में गीता जयंती के अवसर पर जिले की 12 ग्राम पंचायतों में जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया गया।

बिजली कंपनी भर्ती

मप्र ऊर्जा विभाग के अधीन विभिन्न छः बिजली कंपनियों में 2 हजार 573 पदों के लिए हो रही भर्ती के लिए परीक्षा मार्च 2025 में कराने की तैयारी हैं। परीक्षा एमपी ऑन लाइन द्वारा ली जाना हैं। इसके फार्म 24 दिसंबर से ऑनलाइन लिए जाएंगे, सभी फार्म जमा होने के उपरांत परीक्षा तिथि की विधिवत घोषणा कर दी जाएगी। प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि परीक्षाओं को लेकर सिलेबस भी आगामी एक सप्ताह में वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में 3 दिन से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। आज भी प्रदेश के 33 जिलों में शीतलहर  चलेंगी। इनमें से भोपाल, इंदौर समेत 21 जिलों में कोल्ड डे रहेगा। बढ़ती ठंड के चलते भोपाल और इंदौर में स्कूलों का समय बदल दिया गया है।

मौसम विभाग ने इंदौर और राजगढ़ में कोल्ड डे और कोल्ड वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भोपाल, विदिशा सहित अन्य जिलों में कोल्ड डे रहेगा। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर भारत में बर्फबारी होने से सर्द हवाएं प्रदेश में आ रही हैं। इस वजह से ज्यादातर हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पचमढ़ी में पारा रिकॉर्ड 1.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। भोपाल में 6.9 डिग्री, इंदौर में 8.6 डिग्री, ग्वालियर में 6 डिग्री, और जबलपुर में 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

ठंड के चलते भोपाल, इंदौर, देवास, रीवा और बैतूल में स्कूलों की टाइमिंग एक घंटे बढ़ा दी गई है। स्कूल अब सुबह 9 बजे से लगेंगे।

ट्रेन जनरल कोच

रेल प्रशासन ने सामान्य श्रेणी के यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रेलगाड़ियों में द्वितीय सामान्य श्रेणी के कोचों की संख्या में विस्तार किया है। इससे सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले लोगों को काफी सहूलियत होगी। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल की 14 जोड़ी ट्रेनों में सामान्य श्रेणी के कोचों की संख्या अब अनिवार्य रूप से 4 कर दी गई हैं। इनमें जबलपुर-सोमनाथ -जबलपुर एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस, श्रीधाम एक्सप्रेस, एमपी सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस, कटरा-जबलपुर एक्सप्रेस, महाकौशल एक्सप्रेस, अमरावती एक्सप्रेस और दयोदय एक्सप्रेस प्रमुख हैं।

समाचार संक्षेप में .....

रीवा के अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह आज पंडित शंभूनाथ शुक्ल सभागार में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल होंगे।

आगरमालवा जिला न्यायालय एवं सभी तहसील न्यायालयों में 14 दिसम्बर शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

सतना एवं मैहर जिले की कुल 3 लाख 83 हजार 829 लाड़ली बहनों के खाते में कुल 47 करोड 5 लाख से अधिक रूपये जमा हुए।

मंदसौर जिला न्यायालय परिसर में ''महिला एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाली लैंगिक हिंसा की रोकथाम'' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

निवाड़ी कलेक्टर ने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

मुरैना के शासकीय पीजी कॉलेज के एमएससी प्राणी शास्त्र और एमएससी बॉटनी के विद्यार्थियों ने केंद्रीय एकीकृत इंसेंट पेस्ट मैनेजमेंट केंद्र पर भ्रमण किया।

राजगढ़ में शीतघात व शीत लहर को लेकर पर्याप्त सावधानी बरतने की अपील आम नागरिकों से की गई है।

-------------